<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–22 जुलाई 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- संसद का बजट सत्र आज से। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पहले दिन सदन में पेश करेंगी आर्थिक सर्वेक्षण।
- मेडिकल प्रवेश परीक्षा–नीट–यूजी को लेकर दाखिल याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में आज फिर होगी सुनवाई।
- सावन माह के पहले दिन प्रदेश भर के शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु। जलाभिषेक के लिये सुबह से ही लगी लम्बी कतार।
- बाढ़ से प्रभावित पीलीभीत शाही रेलखण्ड पर मरम्मत के बाद ट्रेनों का संचलन हुआ बहाल।

**********

संसद का बजट सत्र आज से शुरू होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण कल सदन में एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश करेंगी। बजट के माध्यम से केन्द्र सरकार अगले पांच वर्ष का रोडमैप इंगित करेगी। 12 अगस्त तक चलने वाले संसद के बजट सत्र से पहले कल नई दिल्ली में सरकार की ओर से सर्वदलीय बैठक बुलायी गयी। इस दौरान सरकार ने संसद के दोनों सदनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा की । केन्दीय मंत्री राजनाथ सिंह, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल, जगत प्रकाश नड्डा, चिराग पासवान, रामदास आठवले, कांग्रेस नेता जयराम रमेश और गौरव गोगोई, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता प्रफुल्ल पटेल, डी.एम.के. नेता टी.आर. बालू और तिरुचि शिवा, आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह, ऑल इंडिया मजलिस–ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के असदुद्दीन औवेसी सहित चौवालीस दलों के पचपन नेता बैठक में शामिल हुए। संसद के बजट सत्र पर हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट.....

***वित्तमंत्री मंगलवार को लोकसभा में वर्ष 2024–25 का केंद्रीय बजट पेश करेंगी। यह नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट होगा। पिछले महीने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा था कि यह बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्यवादी दृष्टिकोण का एक प्रभावी दस्तावेज होगा। सरकार इस सत्र में छह नए विधेयक पेश कर सकती है। इनमें आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, बॉयलर विधेयक, भारतीय वायुयान विधायक, कॉफी (संवर्धन और विकास) विधेयक और रबर (संवर्धन और विकास) विधेयक शामिल हैं। सुपर्णा सैकिया की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से शक्ति प्रताप सिंह।***

**********

ससंद के बजट सत्र के शुरूआत के साथ ही केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीता रमण आज सदन में आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत करेंगी। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग की तरफ से तैयार किये जाने वाले आर्थिक सर्वेक्षण को सरकार के आर्थिक सोच और भावी कार्यक्रमों की झलक के तौर पर देखा जाता है। बजट और आर्थिक सर्वेक्षण पर उद्योग–व्यापार जगत के साथ आमजन और विपक्षी दलों की भी नजर रहेगी। उधर कल सर्वदलीय बैठक के बाद एक बयान में केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार संसद में नियमों और पीठासीन अधिकारियों के निर्णयों के अधीन सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है।

**********

मेडिकल प्रवेश परीक्षा, नीट यूजी को लेकर दाखिल याचिकाओं पर आज सुप्रीम कोर्ट में फिर सुनवाई होगी। इसके पहले सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टीस डीवाई चन्द्रचूड की अध्यक्षता वाली खण्ड पीठ ने अट्ठारह जुलाई को इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, एनटीए को केन्द्रवार और शहरवार सभी परिक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित करने के आदेश दिए थे। कोर्ट के आदेश के अनुपालन में एनटीए ने बीस जुलाई को अपनी वेबसाइट पर सभी परिक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम जारी कर दिये हैं। सुप्रीम कोर्ट में आज की सुनवाई के दौरान एनटीए की तरफ से नीट परीक्षा को लेकर अपनी दलील प्रस्तुत की जाएगी। उधर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में, तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है।

**********

समाज कल्याण विभाग की ओर से फतेहपुर जिले में संचालित राजकीय कॉलेजों में अनुसूचित जाति छात्रावासों में सुविधाओं को और बेहतर करने के लिए प्रदेश सरकार ने दो करोड़ तैंतालीस लाख सतहत्तर हजार रूपये की धनराशि जारी की है। प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री, स्वतंत्र प्रभार असीम अरूण ने बताया कि इस धनराशि से फतेहपुर में राजकीय अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास, महिला डिग्री कॉलेज में छात्रावास और राजकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, खागा में सुविधाओं को उच्चीकृत करने के कार्य कराये जाएगे।

**********

भगवान शिव को अतिप्रिय सावन माह आज से प्रारंभ हो गया है। यह भी सुखद संयोग है कि सावन माह का शुभारंभ भगवान शिव को समर्पित माने जाने वाले दिन सोमवार से हुआ है। सावन को देवाधिदेव महादेव की आराधना का विशेष महीना माना जाता है इस पूरे माह भगवान शंकर को जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालु पवित्र नदियों से जल लेकर कांवड यात्रा निकालते हैं और उन्हें शिवालयों में स्थित शिवलिंग पर अर्पित करते हैं। कांवड़ियों द्वारा भगवान शंकर के जलाभिषेक का सिलसिला आज भोर से ही शुरू हो चुका है। सावन के पहले सोमवार पर प्रदेश के सभी प्रसिद्ध और महत्वपूर्ण शिव स्थानों पर भगवान शंकर के जलाभिषेक और दर्शन–पूजन के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा पड़ा है।

भगवान शिव के बारह ज्योर्तिलिंग में से एक वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन–पूजन कर रहे हैं। यहां देश के कई हिस्सों से शिवभक्त पहुंचे हैं। काशी न पहुंच पाने वाले श्रद्धालुओं के लिए काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन ने ऑनलाइन व्यवस्था की है। मंदिर की आधिकारिक वेबसाइट पर श्रद्धालु कहीं से भी बाबा विश्वनाथ का ऑनलाइन दर्शन, पूजन, रुद्राभिषेक और रुद्री पाठ की सुविधा पा सकेंगे।

वहीं मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए छह स्थानों पर बड़ी एलईडीस्क्रीन लगाई गई है, जिस पर वे बाबा का दर्शन, गर्भगृह में चल रही पूजा–आरती व राग–भोग का दर्शन कर सकेंगे।

उधर, सावन के पहले सोमवार को ब्रह्म मुहूर्त से ही अयोध्या पहुंचे श्रद्धालु सरयू में डुबकी लगाकर कनक भवन, हनुमान गढी और राम जन्म भूमि मंदिर सहित सभी प्रमुख मंदिरों में पूजा–अर्चना कर रहे हैं। विशेष रूप से नागेश्वर नाथ और क्षीरेश्वर नाथ सहित भोले शंकर के मंदिरों में शिव भक्तों की भारी भीड़ है ,जहां शिव के जयकारों के बीच भक्त दुग्दाभिषेक और जलाभिषेक कर रहे हैं। इस बीच अयोध्या की सड़कों पर कांवरियों की बोल बम ,डाक बम और हर–हर महादेव की भी गूंज हो रही है। बाराबंकी के प्रसिद्ध लोधेश्वर महादेवा में भी बड़ी संख्या में शिव भक्त जलाभिषेक के लिए पहुंचे हैं। सावन माह में यहां लगने वाले मेले का भी शुभारंभ हो गया है। चित्रकूट, प्रयागराज, मथुरा, गोरखपुर, देवरिया, बस्ती, संतकबीरनगर सहित प्रदेश के सभी जिलों के प्रमुख शिव मंदिरों में भी सुबह से जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी हुई है। सावन माह में अयोध्या–काशी समेत सभी महत्वपूर्ण धर्मस्थलों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं।

**********

सावन माह में प्रदेश के कई हिस्सों में कांवड यात्रा को लेकर यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। सहारनपुर में अम्बाला रोड और देहरादून कांवड मार्ग पर कल रात बारह बजे से बैरिकेडिंग करा दी गयी है शहर के अंदर भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया है। उधर लखनऊ, गोंडा और बहराइच हाईवे पर भी कल मध्य रात्रि से रूट डायवर्ट कर दिया गया है।

**********

गुरू पूर्णिमा का पावन पर्व कल पूरे प्रदेश में श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मथुरा में राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेला में बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालुओं ने गिरीराज जी की प्रिक्रमा की। ब्रज मंडल के सभी प्रमुख मंदिरों में गुरू पूर्णिमा महोत्सव धूम–धाम से मनाया गया।

**********

रेलवे प्रशासन ने कल पीलीभीत–शाही रेल खण्ड़ के रेस्टोरेशन का कार्य पूरा होने पर इस रेल खण्ड को फिट घोषित करते हुए ट्रेनों का संचलन बहाल कर दिया है। आज से इस रेल खण्ड पर बरेली सिटी–टनकपुर, बरेली सिटी–पीलीभीत, टनकपुर–मथुरा, दौराई–टनकपुर के बीच ट्रेनें चलने लगेंगी। उल्लेखनीय है कि  पिछले सप्ताह पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जनगर मण्डल के पीलीभीत–शाही, रेल खण्ड पर बाढ़ के पानी से रेल यातायात बाधित हो गया था।

**********

बीते दो दिनों से प्रदेश में मौसम का मिजाज सामान्य बना हुआ है। इस बीच मौसम विभाग ने आज प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों के कुछ जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान जताया है। उधर, प्रदेश के बाढ़ प्रभावित जिलों में नदियों का जलस्तर कम होने से जन–जीवन सामान्य हो रहा है।

**********